कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

राज्य सरकार पत्रांक प.4(3) शिक्षा 1/2015/पार्ट दिनांकः–07.08.2018 के द्वारा विज्ञान वर्ग के दो वर्ग "अ" वर्ग एवं "ब" में विभाजित कर विज्ञान वर्ग में कृषि विज्ञान, कृषि रसायन विज्ञान एवं कृषि जीव विज्ञान एवं उनके साथ लिये जाने वाले अन्य विकल्पों के प्रावधान को स्पष्ट किया गया था, जिसके क्रम में इस कार्यालय के पत्र दिनांकः–21.08.2018 के द्वारा समस्त अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये थे।

शासन की बैठक कार्यवाही विवरण में स्पष्ट किया गया था कि कृषि रसायन विज्ञान एवं कृषि जीव विज्ञान के विषयों का अध्यापन जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के प्राध्यापकों द्वारा ही करवाया जायेगा, इसके लिये पृथक से पद स्वीकृत नहीं किये जायेगे। संलग्न सूची में राजकीय विद्यालयों द्वारा बिना सक्षम स्वीकृति के कक्षा–12 में कृषि रसायन विज्ञान एवं कृषि जीव विज्ञान का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया तथा वर्ष 2018–19 में कक्षा 12 के बोर्ड आवेदन भी इसी अनुसार कर दिये गये है।

अधीस्थ अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर संलग्न सूची के अनुसार ऐसे विद्यालयों में वर्ष 2018–19 के लिये कक्षा–12 में कृषि विज्ञान, कृषि रसायन विज्ञान एवं कृषि जीव विज्ञान संचालन की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है। कक्षा 11 में पूर्व में स्वीकृत विषय ही संचालित किये जाएंगे, साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि कोई भी विद्यालय अथवा अधीनस्थ स्तर पर बिना सक्षम स्वीकृति के कोई विषय परिवर्तन नहीं किया जावें।

संलग्न– 06 विद्यालयों की सूची

(हस्ताक्षर)

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/अ–4/संकाय–विषय/परिवर्तन/2017–18 *दिनांकः–* 7/3/19

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा(ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
4. अनुभाग अधिकारीः संस्थापन–एफ, कार्यालय हाजा।
5. लेखाधिकारी, बजट अनुभाग।
6. अनुभाग अधिकारी– शाला दर्पण, कार्यालय हाजा।
7. अनुभाग अधिकारी– योजना, कार्यालय हाजा।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, अलवर/ हनुमानगढ़।
9. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा।
10. रक्षित पत्रावली।

(हस्ताक्षर)

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

विषयों के संचालन के संबंध में अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर संचालन हेतु वर्ष 2018–19 के लिए कार्योत्तर स्वीकृतिः–

मण्ड़ल का नाम	जिले का नाम	क्र.सं.	विद्यालय का नाम
जयपुर	अलवर	1	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नारायणपुर, अलवर।
		2	राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरसौली, पं.स. कोटकासिम,अलवर।
		3	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बासकृपालनगर, पं.स. किशनगढ़बास, अलवर।
		4	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरसाना, पं.स. लक्ष्मणगढ़, अलवर।
बीकानेर	हनुमानगढ़	5	राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़, तहसील नोहर, हनुमानगढ़।
	बीकानेर	6	राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, लूनकरणसर, बीकानेर।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर